# भारतीय मानक ब्यूरो

**[उपभोक्ता मामले विभाग उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार]**
**मानक भवन, 9 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002**

## विभिन्न पदों की भर्ती हेतु ऑन-लाईन परीक्षा

*सूचना पुस्तिका*

इस पुस्तिका में ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी ।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहूविकल्पीय प्रश्नावलियाँ होंगी :

### सहायक निदेशक (हिन्दी), सहायक निदेशक (वित्त), सहायक निदेशक (विपणन एवं उपभोक्ता मामलें) के लिए परीक्षा का स्वरूप

| अनु. क्र. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि | माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति | 40 | 40 | 30 मिनट | अंग्रेजी भाषा प्रश्नावली के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियाँ द्विभाषीय होंगी (अंग्रेजी एवं हिन्दी) |
| 2 | अंग्रेजी भाषा | 40 | 40 | 30 मिनट | |
| 3 | संख्यात्मक अभियोग्यता | 20 | 20 | 20 मिनट | |
| 4 | क्षेत्रीय ज्ञान * | 50 | 50 | 40 मिनट | |
| | **कुल** | **150** | **150** | **120 मिनट** | |

* सहायक निदेशक (हिन्दी) के पद के लिए क्षेत्रीय ज्ञान की प्रश्नावली केवल हिन्दी और / अंग्रेजी में होगी।

**साक्षात्कार के लिए बुलाने पर विचार करने के लिए, उम्मीद्वारों को ऑनलाईन परीक्षा के कुल अधिकतम अंकों में से कम से कम 50% अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।**

### तकनिकी सहायक (प्रयोगशाला), सहायक (CAD), वरिष्ठ तकनीशियन एवं तकनीशियन के लिए परीक्षा का स्वरूप

| अनु. क्र. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि | माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति | 50 | 50 | 40 मिनट | अंग्रेजी भाषा प्रश्नावली के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियाँ द्विभाषीय होंगी (अंग्रेजी एवं हिन्दी) |
| 2 | सामान्य सचेतता | 25 | 25 | 20 मिनट | |
| 3 | अंग्रेजी भाषा | 25 | 25 | 20 मिनट | |
| 4 | क्षेत्रीय ज्ञान | 50 | 50 | 40 मिनट | |
| | **कुल** | **150** | **150** | **120 मिनट** | |

**कौशल परीक्षा / व्यावहारिक परीक्षा / व्यापार परीक्षा में बुलाए जाने के लिए उम्मीद्वारों को क्षेत्रीय ज्ञान की परीक्षा में 50% और ऑनलाईन परीक्षा के कुल अधिकतम अंकों में से कम से कम 50% अंक प्राप्त करने होंगे।**

### सहायक अनुभाग अधिकारी, निजी सहायक, आशुलिपिक, वरिष्ठ सचिवालय सहायक, एवं कनिष्ठ सचिवालय सहायक के लिए परीक्षा का स्वरूप

| अनु. क्र. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि | माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति | 50 | 50 | 35 मिनट | अंग्रेजी भाषा प्रश्नावली के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियाँ द्विभाषीय होंगी (अंग्रेजी एवं हिन्दी) |
| 2 | सामान्य सचेतता | 25 | 25 | 20 मिनट | |
| 3 | संख्यात्मक अभियोग्यता | 25 | 25 | 25 मिनट | |
| 4 | अंग्रेजी भाषा | 50 | 50 | 40 मिनट | |
| | **कुल** | **150** | **150** | **120 मिनट** | |

**अगली चयन प्रक्रिया में बुलाने पर विचार करने के लिए उम्मीद्वारों को ऑनलाईन परीक्षा के कुल अधिकतम अंकों में से कम से कम 50% अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।**

परीक्षा के लिए कुल समय 120 मिनट है; तथापि लागिंग इन, बुलावा पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 180 मिनट रहना पड सकता है । अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । सहायक निदेशक (हिन्दी) के पद के लिए क्षेत्रीय ज्ञान की प्रश्नावली केवल हिन्दी और / अंग्रेजी में होगी। प्रत्येक प्रश्नावली की अवधि अलग-अलग है । उम्मीदवार किसी विशिष्ट प्रश्नावली के प्रश्नों को केवल उस प्रश्नावली के लिए आबंटित समय के दौरान हल कर सकते हैं। सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा। **अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 (एक चौथाई) अंक काट लिए जाएंगे ।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है ।*

* अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है।

(iii) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में कुल अंकों को दशमलव बिन्दू सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।**

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

## सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह सोच सकते हैं । इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे । यहाँ उदाहरण प्रश्न दिये हैं ।

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, अक्षरसमूहों या शब्दों के समूह दिये गये हैं । इनमें अक्षरसमूहों या शब्दों के चार समूहों में किसी न किसी प्रकार की समानता है जबकि एक भिन्न है । ज्ञात कीजिए कि कौनसा एक भिन्न है ।

**प्र.1.** नीचे दी गई श्रृंखला में ऐसे प्रत्येक 5 की गिनती कीजिए जिसके तुरंत पहले 3 नहीं है किंतु तुरंत बाद 7 है । ऐसे कितने 5 हैं ?
1 5 7 3 5 7 4 7 3 7 2 5 6 5 8 5 7 4 5 6 5 5 7 1 5 7 7 5 5
(1) 1 (2) 2 (3) 3 (4) 4 (5) 5

**प्र.2.** परान्दा शहर ग्रीन लेक में है । अकरम शहर परान्दा के पश्चिम में है । तोखाडा, अकरम के पूर्व में किंतु परान्दा के पश्चिम में है । काकरन, बोपरी के पूर्व में किंतु तोखाड़ा और अकरम के पश्चिम में है । ये सभी एक ही जिले में हैं तो कौनसा शहर पश्चिम में सबसे दूर है ?
(1) परान्दा (2) काकरन (3) अकरम (4) तोखडा (5) बोपरी

**प्र.3.** हकलाने का वाणी से वही संबंध है जो बहरेपन का निम्नलिखित से है ?
(1) कान (2) श्रवणशक्ति (3) गुंगा (4) मौन (5) बोलना

**प्र.4.** पौधे का पेड से वही संबंध है जो ________
(1) घोडे का घोडी से है (2) नदी का नाले से है (3) कली का फूल से है
(4) विद्यार्थी का शिक्षक से है (5) पेड का फर्नीचर से है

**प्र.5.** निम्नलिखित श्रृंखलामे प्रश्न चिह्न के स्थान पर कौनसा अक्षर आना चाहिए ?
G H J M ? V
(1) T (2) S (3) R (4) U (5) Q

**प्र.6.** यदि शब्द “DEPRESSION” के पहले और दूसरे अक्षर को परस्पर बदल दिया जाए, तीसरे और चौथे अक्षर को भी और पांचवे और छठे अक्षर को तथा बाद के अक्षरों को भी इसी प्रकार बदल दिया जाए तो दाएं से सातवां अक्षर निम्नलिखित में से कौनसा है?
(1) R (2) O (3) S (4) I (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.7.** यदि (I) ‘A * B’ का अर्थ है “A , B की माता है” और (II) ‘A □ B’ का अर्थ है “A, B का पति हैं”, निम्नलिखित में से कौनसा, “P, Q का पिता है”, दर्शाता है ?
(1) Q * M □ P (2) P * Q (3) Q * P (4) P □ M * Q (5) इनमें से कोई नहीं

**प्र.8.** अशोक P बिंदू पर खडा हैं । वह दक्षिण की ओर 10 मी. चला, फिर वह पश्चिम की ओर 20 मी. चला, फिर वह दक्षिण की ओर 10 मी. चला, फिर वह पूर्व की ओर 20 मी. चला, फिर वह उत्तर की ओर 5 मी. चला और Q बिंदू पर पहुँचा । तो P और Q के बीच सीधा अंतर (मीटर में) कितना है ?
(1) शून्य (2) 5 (3) 10 (4) 15 (5) इनमें से कोई नहीं

**प्र.9.** किसी कूट में SENT को ‘□ □ – #’ और ANT को ‘* □□–’. के रूप में लिखा जाता है तो उस कूट में TEN कैसा लिखा जाएगा ?
(1) + □ □ (2) * – □ (3) □□□□– (4) – □ □ (5) □□□ –

**प्र.10.** 9 व्यक्तियों का औसत भार 50 किग्रा. है । पहले पांच व्यक्तियों का औसत भार 45 किग्रा. है और अंतिम पांच व्यक्तियों का औसत भार 55 किग्रा. है । पांचवें व्यक्ति का भार कितना है ?
(1) 45.0 किग्रा. (2) 47.5 किग्रा. (3) 50 किग्रा. (4) 52.5 किग्रा. (5) इनमें से कोई नहीं

## अंग्रेजी भाषा

इस परीक्षा का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान को परखना है । व्याकरण, शब्द भंडार, वाक्यों को पूर्ण करना, समानार्थी, विपरीतार्थी शब्द, अनुच्छेद की समझ आदि संबंधी प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा ली जाएगी ।

**Q.1-2.** Read each sentence to find out whether there is any grammatical or idiomatic error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part is the answer. If there is no error, the answer is 'No error'. (Ignore the errors of punctuation, if any).

**Q.1.** Most of the third world (1) / country are experiencing (2) / the ethnic or communal problem (3) / in varying degrees. (4) / No error (5)

**Q.2.** The regaining of freedom (1) / as we well know has given rise for (2) / many dormant issues (3) / and conflicts in our society. (4) No error (5)

**Q.3-4.** Pick out from the words given below each sentence the word which would complete the sentence correctly and meaningfully.

**Q.3.** Continuous unemployment has induced in the people a kind of _______ which is most depressing.
(1) laziness (2) encouragement (3) satisfaction (4) anger (5) awakening

**Q.4.** He wants me to look _______ his garden during his absence.
(1) at (2) over (3) after (4) into (5) from

**Q.5-10.** In the following passage there are blanks, each of which has been numbered. These numbers are printed below the passage and against each, five words are suggested, one of which fits the blank appropriately. Find out the appropriate word in each case.

The true (5) of rights is duty. If we all (6) our duties, rights will not be (7) to seek. If leaving duties unperformed we run (8) rights, they will (9) us like an elusive person. The more we pursue them, the farther (10) they fly.

**Q.5.** (1) end (2) source (3) joy (4) purpose (5) power

**Q.6.** (1) deny (2) devote (3) discharge (4) imagine (5) fulfill

**Q.7.** (1) far (2) close (3) easy (4) against (5) common

**Q.8.** (1) as (2) after (3) at (4) from (5) for

**Q.9.** (1) hold (2) grab (3) fight (4) escape (5) chase

**Q.10.** (1) off (2) can (3) did (4) could (5) towards

## संख्यात्मक अभियोग्यता

यह परीक्षा संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालने आदि में आपकी गति शुद्धता की जाँच के लिये है।

**निर्देश :** निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक संख्या नहीं दी गयी । उस संख्या के स्थान पर प्रश्नचिन्ह (?) लगा दिया गया है । आपको यह बताना है कि प्रश्न चिन्ह के स्थान पर उत्तर संख्या 1, 2, 3 और 4 में से कौन सी आएगी । यदि इन चारों में से कोई भी ठीक न हो तो आपका उत्तर होगा (5) अर्थात् 'दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य' ।

**प्र.1.** $\frac{24}{65} \times \frac{13}{56} \times \frac{5}{7} = ?$
(1) $\frac{3}{49}$ (2) $\frac{15}{245}$ (3) $\frac{3}{77}$ (4) $\frac{15}{56}$ (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** (27 + 498) ÷ 25 = ?
(1) 17 (2) 25 (3) 21 (4) 12 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** यदि 10 रूपये में एक पेन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है तो पेन का मूल्य क्या है ?
(1) 3/- रु. (2) 5/- रु. (3) 10/- रु. (4) 20/- रु. (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** यदि 3 कामगारों ने 4 दिनों में 48 कि. ग्रॅ. कापूस इकठ्ठा किया तो 9 कामगार 2 दिनों में कितना कि. ग्रॅ. कापूस इकठ्ठा करेंगे ?
(1) 216 (2) 32 (3) 108 (4) 72 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?
(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6.** सोहनलाल ने रु. 100 प्रति रीम से पेपर के 120 रीम खरीदे । ढुलाई पर खर्च रु. 480 था । उसे 50 पैसे प्रति रीम का चुंगी शुल्क और कुली को रु. 60 का भुगतान करना पड़ा । यदि वह 20% का लाभ चाहता हो तो प्रत्येक रीम का बिक्री मूल्य क्या होना चाहिए ?
(1) रु. 126 (2) रु. 115.50 (3) रु. 105 (4) रु. 120 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.7.** किसी विशेष जमा पर एक वर्ष में 9% प्रति वर्ष की दर से ब्याज रु.405 है । उसी जमा पर एक वर्ष में 10% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज कितना होगा ?
(1) रु. 40.50 (2) रु. 450 (3) रु. 855 (4) रु. 45 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

इसके अतिरिक्त ग्राफों और सारणियों पर भी कुछ प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।

**निर्देश :** नीचे सारणी में 700 कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो उन 6 विशेषताओं के आधार पर वर्गीकृत है जिससे पदोन्नति में सहायता मिलती है। श्रेणी । सबसे अधिक है। सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उततर दें:

| % विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विशेषता | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य निपुणता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.8.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?
(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) सामाजिकता (5) कार्य निपुणता

**प्र.9.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?
(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) 70 (5) 10

**प्र.10.** पदोन्नति के लिए सबसे कम महत्त्वपूर्ण विशेषता किसे माना गया है ?
(1) ईमानदारी (2) बुद्धिमत्ता (3) अध्यवसाय (4) कार्य निपुणता (5) सामाजिकता

## सामान्य सचेतता

यह परीक्षा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अतीत और वर्तमान व्यक्तियों और घटनाओं के बारे में आपके ज्ञान का पता लगाने के लिये है ।

**प्र.1.** FSSAI में अक्षर I निम्नांकित में से किसके लिए प्रयुक्त होता है ?
(1) India (2) International (3) Insurance (4) Income (5) Institute

**प्र.2.** भारत में, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र ने, राज्यों की आय की वृद्धी तय करने में, अधिकतम योगदान दिया है ?
(1) ऊर्जा (2) पर्यटन (3) सेवा (4) परिवहन (5) कृषि

**प्र.3.** निम्नलिखित में से वह कौनसा राज्य है जिसमें गरिबी रेखा के नीचे रहनेवाले लोगों की संख्या अधिकतम हैं ?
(1) बिहार (2) आंध्र प्रदेश (3) उत्तर प्रदेश (4) राजस्थान (5) उड़िसा

**प्र.4.** Jnanpith पुरस्कार, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये दिया जाता है ?
(1) फिल्म (2) साहित्य (3) खेल (4) विज्ञान (5) समाज सेवा

**प्र.5.** निम्नलिखित में से कौन वर्तमान में भारत के उपराष्ट्रपती है ?
(1) श्री नीतिन गडकरी (2) श्रीमती द्रौपदी मुर्मू (3) श्री एम व्यंकय्या नायडू
(4) श्री जगदीप धनखड (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6.** सुखविंदर सिंग सुक्खू किस राज्य / यू. टी. के मुख्यमंत्री है ?
(1) तामिलनाडु (2) कर्नाटक (3) पौंडिचेरी (4) जम्मू और कश्मीर (5) हिमाचल प्रदेश

**प्र.7.** निम्नलिखित में से कौनसा प्राधिकरण, भारत में LIC एजेंटों को लाइसेन्स जारी करता है ?
(1) IRDA (2) RBI (3) LIC (4) SEBI (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.8.** मौद्रिक नीति का संबंध ________ से है ?
(1) मुद्रा की आपूर्ति में परिवर्तन (2) वित्तिय लिखितों के क्रय-विक्रय

(3) रोजगार घटाने होने (4) मुद्रा की आपूर्ति में परिवर्तन और रोजगार घटाने होने
(5) दिए गए विकल्पोंको छोड़कर अन्य

**प्र.9.** तारापुर परमाणु बिजली संयंत्र कहाँ है ?
(1) बिहार (2) गुजरात (3) मध्य प्रदेश (4) राजस्थान (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.10.** निम्नलिखित में से कौनसी व्यक्ति ऑपरेशन फ्लड कार्यक्रम से नजदिकता से जुडी हुई है ?
(1) डा. वी. कुरीयन (2) डा. एम्. एस्. स्वामीनाथन(3) डा. अमर्त्य सेन
(4) नॉर्मन बोरलॉग (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## क्षेत्रीय ज्ञान

इस प्रश्नावली के प्रश्न संबंधित विशेषज्ञता पर आधारित होंगे।

**(अ) ऑन-लाईन परीक्षा पैर्टन का विवरण :**

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के अतिरिक्त सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे । सहायक निदेशक (हिन्दी) के पद के लिए क्षेत्रीय ज्ञान की प्रश्नावली केवल हिन्दी और / अंग्रेजी में होगी।

(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो ।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है, आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन पर दांए प्रश्न पैलेट प्रत्येक क्रमांकित प्रश्न का निम्नलिखित में से एक स्टेटस दर्शाता है :

1 आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।
2 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।
3 आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।
4 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।
5 प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।

रिव्यू के लिए मार्क स्र्टटस महज रिमाइंडर का काम करता है कि आपने फिर से देखने के लिए प्रश्न सेट किया है । रिव्यू के लिए मार्क किए गए प्रश्न का उत्तर चुना जाता है तो इस उत्तर को अंतिम मूल्यांकन में सम्मिलित किया जाएगा ।

(6) उत्तर देने हेतु प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :
a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए अपने स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए । नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।
b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए।
c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि मार्कड फोर रिव्यू प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'रिव्यू के लिए मार्क' किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए सम्मिलित किए जाएंगे।**

(14) स्क्रीन के टॉप बार पर सेक्शन्स डिस्प्ले किए जाएंगे । सेक्शन के नाम पर क्लिक करके सेक्शन्स के प्रश्न देखे जा सकते हैं । जो सेक्शन आप देखेंगे वह हाइलाइट होगा ।

(15) किसी सेक्शन के अंतिम प्रश्न पर **Save & Next** बटन क्लिक करने के बाद आप आटोमैटिकली अगले सेक्शन के पहले प्रश्न पर पहुंच जाएंगे ।

(16) सेक्शन के प्रश्नों के स्टेटस को देखने के लिए सेक्शनों के नामों पर आप माउस कर्सर मूव कर सकते हैं ।

(17) आप किसी विशिष्ट प्रश्नावली के प्रश्नों के बीच उस प्रश्नावली के लिये आबंटित समय के दौरान ही शफल कर सकते हैं ।

(18) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि “टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर” के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से डिबारमेंट के लिए पात्र होगा।

(19) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर से अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(20) 120 मिनट की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार न ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और न ही अपने उत्तर जांच पाएंगे।

(21) **कृपया नोट करें :-**

(a) **परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को “फाइनली सबमिट” करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड के किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

**(ब) सामान्य निर्देश :**

(1) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, रिपोर्टिंग समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और भारतीय मानक ब्यूरो प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए । आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(6) अपने फोटोग्राफ को प्रवेश-पत्र पर चिपका कर और वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी अपने साथ लाएं - कृपया अपने फोटोग्राफ को इस बुलावे-पत्र पर चिपका कर और वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी अपने साथ लाएं - यह अनिवार्य है। **कृपया यह बुलावा पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में पर्यवेक्षक को सौंप दें** वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं -पैनकार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार/ई-आधार कार्ड /कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । **कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।** कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम (जैसा आपने पंजीकरण की प्रक्रिया में दिया है) फोटो पहचान पत्र पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । यदि बुलावा पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान पत्र में जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा। वे उम्मीदवार जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, को राजपत्रित अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करने पर ही अनुमत किया जाएगा।

(7) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा। यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। जो उम्मीदवार नकल करते, सहायता करते या देते अथवा ऐसा व्यवहार करते, जो उम्मीदवार के लिए अनुचित हो, पाया जाता है, उसके मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जायेगा । आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ भारतीय मानक ब्यूरो अपने अनुसार उपयुक्त कार्रवाई कर सकता है ।

(8) आप अपने साथ एक बाल पॉइंट पेन और इंक स्टैम्प पैड अवश्य लाएँ । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपको कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना, बुलावा पत्र, पहचान प्रमाणपत्र की प्रति पर्यवेक्षक को सौंप देनी है ।

(9) परीक्षा के प्रशासन में कुछेक समस्या होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है । ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा,जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल हैं । पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालक के विवेक पर निर्भर है। उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे । परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सिरे से निरस्त कर दिया जायेगा ।

(10) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियो की डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(11) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है ।

(12) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे भारतीय मानक ब्यूरो की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामले का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

(13) भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा ऐसे दोषी अभ्यर्थी या घोषित किए गए ऐसे अभ्यर्थी, जिसने फर्जी परीक्षा दी हो, या नकली दस्तावेज बनाया/बनाये हो/हों जिनके/जिसके साथ छेडछाड की गई हो, या गलत या झूठे कथन दिए हों, या महत्त्वपूर्ण जानकारी छिपाई हो, या परीक्षा में प्रवेश पाने हेतु किसी अनियमित या गलत साधन का सहारा लिया हो, या परीक्षा भवन में अनुचित साधनों के प्रयोग का प्रयास किया हो, या परीक्षा भवन में दुर्व्यवहार किया हो,

को स्थायी रूप से या भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा एक विनिर्दिष्ट अवधि हेतु, अभ्यर्थियों के चयन के लिए, उसके द्वारा आयोजित किसी भी साक्षात्कार में शामिल होने या किसी भी परीक्षा में प्रवेश से वंचित किया जा सकता है । भारतीय मानक ब्यूरो ऐसे अभ्यर्थियों के विरुद्ध, जैसा आवश्यक समझा जाए, आगे की कार्रवाई कर सकता है ।

(14) (i) परीक्षा लेखक (स्क्राइब) की सुविधा लेने के इच्छुक शारीरिक रूप से निःशक्त अभ्यर्थियों को भारतीय मानक ब्यूरो की वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापन को विस्तारपूर्वक देखना चाहिए तथा ध्यानपूर्वक निर्देशों को पढना चाहिए ।

(ii) ऐसे अभ्यर्थियों को एक संयुक्त वचन/घोषणा प्रपत्र (परीक्षा लेखक (स्क्राइब) घोषणा पत्र) भी जमा करना चाहिए जिसे भारतीय मानक ब्यूरो की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है ।

(15) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे "The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Act, 2024". पर ध्यान दें ।

**आपको शुभकामनाएं**